# चंपा फूल चमेली फूल तोड़कर लाऊंगा

चंपा फूल चमेली फूल,
फूल तोड़कर लाऊंगा,
उन्हीं फूलों का हार बनाकर,
राम गले पहनाऊंगा।bd।

---

कर ली स्वागत की तैयारी,
बन गया मंदिर आपका,
जल्दी आकर दिखलाओ प्रभू,
प्यारा मुखड़ा आपका,
दर्शन करके आपका मैं,
जीवन सफल बनाऊंगा,
उन्हीं फूलों का हार बनाकर,
राम गले पहनाऊंगा।bd।

---

श्री राम जी आना संग में,
मात जानकी को,
लाना और साथ में छोटे भैया,
लखन लाल को भी लाना,
हनुमान जी सा सेवक जिनका,
चरणों की रज पाऊंगा,
उन्हीं फूलों का हार बनाकर,
राम गले पहनाऊंगा।bd।

---

मर्यादा पुरुषोत्तम हैं प्रभु,
जाने जगत ये सारा,
सारे जहां में गुंज रहा है,
राम नाम जयकारा,
उमेश आपकी रचना लिखता,
राम रंग रंग जाऊंगा,
उन्हीं फूलों का हार बनाकर,
राम गले पहनाऊंगा।bd।

---

चंपा फूल चमेली फूल,
फूल तोड़कर लाऊंगा,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

उन्हीं फूलों का हार बनाकर,
राम गले पहनाऊंगा।bd।

गायक / प्रेषक – उमेश मुलेवा।
**6261240737**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com